

**रोजा**

शिया
इफ्तार : 6.41 बजे

सुन्नी
इफ्तार : 6.31 बजे

# शैलपुत्री के स्वरूप में मां ललिता देवी का भक्तों ने किया पूजन

## चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भक्तों ने किये देवी दर्शन व पाठ


कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** अट्ठासी हजार ऋषियों की तीर्थ स्थली नैमिषारण्य धाम में चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस के उपलक्ष्य पर मां ललिता देवी के पावन दरबार में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंगलवार को माता शैल पुत्री के रूप में माँ ललिता माता का ध्यान करके बड़ी संख्या में भक्तो ने बड़े ही भक्तिभाव से वैदिक रिवाजों से माँ के श्री चरणों में पूजन अर्चन करके शीश झुकाया।

नवरात्र के पहले दिन सुबह से ही मां ललिता देवी मन्दिर प्रांगण बड़ी संख्या में आचार्यो ने दुर्गा सप्तसती, ललिता सहस्त्रनाम आदि धर्म ग्रन्थो के पाठ का क्रम प्रारम्भ किया था। इसके साथ ही मन्दिर स्थित प्राचीन हवन कुण्ड में भक्तों ने प्रारम्भिक हवन भी किया। जिससे मन्दिर का माहौल काफी भक्तिमय दिख रहा था। मंगलवार को माता के दर्शन के लिए सुबह से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं बड़ी संख्या में मन्दिर प्रांगण में भक्तो और आचार्यों ने मन्दिर प्रांगण में पाठ का क्रम जारी रखा। पुजारी अटल शास्त्री द्वारा आरती उतारी गई। मंदिर प्रबंधक बम शंकर दीक्षित द्वारा मंदिर को फूलों और रंगीन लाइटों से मंदिर को सजाया गया और श्रद्धालुओं को पंचामृत और फलाहर प्रसाद वितरण किया गया। वहीं कालीपीठ में पुजारी भास्कर शास्त्री द्वारा मां काली का विशेष पूजन किया गया स चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने माता शैलपुत्री की आराधना स्नान ध्यान कर सम्पन्न की गई। ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी क्षेत्रों में श्रद्धालुओं द्वारा घर में स्थापित माता रानी की प्रतिमा एवं फोटो आदि पर चुनरी, माला पहनाकर कर माता का श्रृंगार किया गया।



नैमिषारण्य स्थित मां ललिता देवी।



ललिता देवी के दर्शन को लेकर मंदिर के अंदर उमड़ी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

### यह है मान्यता

नवरात्र के पहले दिन देवी मां शैलपुत्री की पूजा करने के लिए समर्पित है, जिन्हें शैलपुत्री के नाम से भी जाना जाता है। जिन्हें शास्त्रों में पहाड़ों की बेटी के रूप में वर्णित किया गया है। शिला शब्द का अर्थ है चट्टान या पहाड़ और दूसरी छमाही पुत्री का अर्थ बेटी है। शैलपुत्री को करोड़ों सूर्य और चंद्रमा की तरह अत्यधिक तेजोमय कहा जाता है। वह एक बैल (नंदी) पर सवार होती है और एक त्रिशूल और कमल धारण करती है। उसके हाथों में। वह अपने माथे पर एक चंद्रमा धारण करती है। श्रद्धालुओं द्वारा नवरात्र के प्रथम दिन उठकर स्नान ध्यान कर घरों में बने मंदिर में माता जी का भव्य श्रृंगार कर आकर्षक वस्त्र धारण कराएं और फूलों की माला सिंदूर बिंदी एवं सुहाग का सामान चढ़ाकर माता रानी के प्रथम व्यक्ति पूजा अर्चना प्रारंभ की गई।

### शहर के मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

नैमिषारण्य सहित शहर के माता रानी के मंदिरों में भक्तों की सुबह से ही भारी भीड़ उमड़ी। पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी निगरानी में रखी। मंदिरों में सुबह से ही महिलाओं ने व्रत रखकर माता के चरणों पूजन अर्चन कर सुख शांति समृद्धि की कामना की। नवरात्र के पहले दिन सुबह से घरों में कलश स्थापना के साथ पूजन किया गया। बाजार चुनरी और फूल-मालाओं से सजे दिखाये दिए।



सांध्य पूजन के दौरान मंदिर परिसर में भजन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

## संकटा देवी धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़

**महमूदाबाद।** चैत्र नवरात्र के पावन मौके पर भक्तों ने प्रथम दिन देवी भगवती के शैलपुत्री स्वरूप का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। प्रसिद्ध संकटा देवी धाम में भक्तों ने मां संकटा के दर्शन किए और मनौती का प्रसाद चढ़ाया। 'या देवी सर्वभूतेषु' तथा 'सर्व मंगल मांगल्ये' जैसे दुर्गा सप्तशती के मंत्रों से परिसर गुंजायमान रहा। चैत्र नवरात्र के अवसर पर पहले दिन मंगलवार को देवी मंदिरों पर सुबह चार बजे से ही भक्तों का आना-जाना लगा रहा। नवरात्र के प्रथम दिन क्षेत्रभर से आये मां के भक्तों ने संकटा देवी धाम में दर्शन किये। भक्तों के आगमन से संकटा देवी धाम, काली मंदिर, दुर्गा मंदिर, बुढ़िया माता मंदिर, मां अंगारमती मंदिर, बाबा परमहंस मंदिर बन्नी, हरदिहापुरवा स्थित कालिका देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में देवी मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का पूजन-अर्चन घरों में कलश स्थापना करने के साथ उपवास कर किया। शान्ति व्यवस्था के लिए अधिकारियों ने प्रभावी बन्दोंबस्त किया है। मंगलवार को पूरे दिन भोर से ही महामाई के भक्तों का मां संकटा देवी के दरबार में तांता लगा रहा।



प्रसिद्ध देवी धाम में विराजमान मां संकटा देवी। अमृत विचार

### मां कालिका देवी मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**रामपुरमथुरा।** रामपुर मथुरा क्षेत्र के देवी मंदिरों में साफ सफाई के साथ प्रथम दिन की पूजा अर्चना व आरती के साथ पहले दिन नवरात्र की शुरुआत हो गई। मंगलवार की सुबह से वृत रखने वाली महिलाओं व पुरुषों की भारी संख्या में भीड़ उमड़ी और माता के दर्शन कर पूजन अर्चन किया।

मंगलवार से क्षेत्र के कालिका देवी मंदिर में मेले की शुरुआत हो गई। मंदिर अध्यक्ष शंकरलाल मौर्य ने बताया की नवरात्र के अवसर पर यहां पर भक्तों की भीड़ उमड़ती है। माताजी उन सभी की मुरादें पूरी करतीं हैं। मंगलवार से शुरू हुआ मेला लगभग 15 दिन तक चलता है जहां दूर-दूर से लोग आते हैं। सिंगर पंडित रामखेलावन शर्मा आचार्य द्वारा भजन संध्या का भी कार्यक्रम किया जाता है।

## एक नजर

### धर्म परिवर्तन कराने वाले दो आरोपियों पर गैंगस्टर

**सीतापुर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा धर्म परिवर्तन कराने जैसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त कुल दो आरोपियों पर अदनान आफताब पुत्र आफताब अहमद उर्फ राजू निवासी कजियारा थाना कोतवाली नगर व अब्दुल कय्यूम उर्फ आर्यन मलिक पुत्र करम शेर निवासी करीमनगर थाना खैराबाद, सीतापुर के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। पकड़े गये दोनों आरोपी अपने आर्थिक, भौतिक लाभ के लिए सीधी-साधी लड़कियों को बहला-फुसलाकर फोटो बनाना व धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बनाना, विरोध पर हिंसा व अन्य प्रकार के अपराध करके सामान्य जन जीवन अस्त व्यस्त करने जैसे अभियोग पंजीकृत हैं। दोनों के खिलाफ गैंग चार्ट अनुमोदित कराकर गैंगस्टर अधिनियम पंजीकृत किया गया है। अपराधियों की अपराध से अर्जित सम्पत्ति जब्त की जायेगी।

### हादसों में दो जख्मी

**रेउसा।** थानाक्षेत्र केबाजार पुरवा निवासी सालनी10वर्ष पुत्री विमलेश मंगलवार को दवा लेने मां के साथ पैदल रेउसा आ रही थी। महमूदाबाद -रेउसा रोड पर देशी शराब ठेकी के पास बुलेरो ने उसे टक्कर मार दी। वहीं दूसरी तरफ कस्बा बहराइच रोड़ रेउसा नियानंद किराना स्टोर सामने एक शराबी ने बाइक से ठोकर मार दिया।जिसमें कस्बा निवासी राजा12 वर्ष पुत्र अनीस को सरकारी अस्पताल भर्ती कराया गया। डाक्टरों के मुताविक हालत गम्भीर बनी हुई है।

### दबंगों ने युवती को पीटा

**रेउसा।** थाना क्षेत्र में खेत मे गड़े भंडे उखाड़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें मनबढ़ों ने युवती को पीटकर घायल कर दिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया। थाना रेउसा के बारिन पुरवा निवासी 22वर्षीय खुशबू का आरोप है कि परिवार के मुराद अली,अयूब, साबिर आदि लोगों ने खेत में फसल रखवाली के लिए भड़े उखाड़ने का आरोप लगाया और लात-घूसों से पिटाई कर कर दी। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी।

### ट्रक चालक को बंधक बनाकर लूटा

**हरगांव।** ट्रक चालक अश्वनी पुत्र मान सिंह निवासी सिकन्दरा कानपुर देहात के मुताबिक वह लखीमपुर से मौरंग खाली करके अपने सहयोगी चालक ब्रजेन्द्र यादव के साथ सीतापुर की तरफ जा रहा था। रास्ते में सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर कलीनामा गांव के सामने सहयोगी चालक ब्रजेंद्र यादव ने ट्रक को रुकवाया और पीड़ित को बंधक बनाकर उससे करीब 65000 रुपए की नगदी छीनकर फरार हो गया। ट्रक चालक अश्विनी ने बताया कि अभी कुछ दिन पूर्व उसने अपने ट्रक पर एक सहयोगी चालक ब्रजेन्द्र को रखा था, जो उसे सिधौली में मिला था। उसी ने यह घटना की है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया लूट का मामला संदिग्ध लग रहा है, ट्रक चालक से पूछताछ की जा रही है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**महोली।** हरगांव थाना क्षेत्र के नरहरपुर गांव निवासी सुरेश (45) पुत्र लालजी मंगलवार की दोपहर अपनी बाइक से सीतापुर जा रहा था। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर रिछाही के निकट पहुंचा तभी किसी अज्ञात वाहन से उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद वाहन मौके से फरार हो गया।

# नगरीय तालाब संरक्षण के नाम पर खोदवाई खलिहान की जमीन

### मनमानी

- नगर पंचायत द्वारा होना था तालाबों व झीलों का सौंदर्यीकरण, ठेकेदार ने नष्ट करा दिये कई हरे वृक्ष

**महोली/सीतापुर, अमृत विचार।** सूबे में लगातार गिर रहे भूमिगत जल स्तर और अवैध कब्जे का शिकार हो रहे नगरीय क्षेत्र के तालाबों, झीलों को बचाने के लिए प्रदेश सरकार नगरीय झील, तालाब जल संरक्षण योजना चला रही है। इस क्रम में नगर पंचायत महोली के अंतर्गत कुछ तालाबों का सौंदर्यीकरण कराया जाना था। लेकिन जिम्मेदारों ने योजना की धनराशि को खपाने की गरज से तालाब की जगह खलिहान की जमीन पर भी जेसीबी चलवा दी। मामला नगर पंचायत के जगन्नाथपुर गांव से जुड़ा है।

मालूम हो कि नगर के कई मुख्य तालाब अवैध कब्जे के शिकार हैं। रसूखदार लोगों ने तालाब पर कब्जा कर मकान, दुकान बना लिया है। अवैध कब्जेदारों को चिह्नित करने के बाद प्रशासन की कार्यवाई सुस्त हो गई है। क्षेत्र में जब तालाबों को संरक्षण और सौंदर्यीकरण की योजना आई तो नगर पंचायत प्रशासन ने अवैध कब्जे वाले तालाबों को दर-किनार कर मास्टर कॉलोनी पश्चिमी (गाजीपुर) और जगन्नाथपुर गांव का चयन किया।

गाजीपुर के तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 29.54 लाख स्वीकृत किये गये जबकि जगन्नाथपुर के लिये 28.54 लाख रुपए स्वीकृत हुए। काम कराने का ठेका सीतापुर की फर्म शांती कांस्ट्रक्शन को दिया गया। तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 15 -15 लाख रुपए की धनराशि नगर पंचायत प्रशासन को प्राप्त भी हो गई थी। खास बात तो यह है कि गाजीपुर में अस्तित्व खो रहे तालाब के सौंदर्यीकरण का काम शुरू कर दिया गया, लेकिन जगन्नाथपुर में खेला कर दिया गया। यहां गांव के बाहर बाईं ओर गाटा संख्या 552 है जिसका क्षेत्रफल 0.279 हेक्टेयर है। यह भूखंड राजस्व अभिलेखों में खलिहान के नाम से दर्ज है। नगर पंचायत प्रशासन ने सरकार की मंशा के विपरीत अपनी मनमानी के चलते इसी भूमि पर तालाब का निर्माण कराने की तैयारी शुरू कर दी है। ठेकेदार के इशारे पर जेसीबी ड्राइवर ने खलिहान का नक्शा ही बदल डाला। भूखंड पर चांदी और शीशम जैसे कई छायादार वृक्षों को नष्ट कर दिया और मौके से लकड़ी भी गायब कर दी गई। आरक्षित श्रेणी की जमीन पर मशीन गरजती रही लेकिन राजस्व विभाग के अधिकारी बेखबर बने रहे। एक जागरुक व्यक्ति की शिकायत के बाद तहसीलदार ने संज्ञान लिया और काम बंद करा दिया।



खलिहान की जमीन पर जेसीबी से खोदाई के बाद हुये बड़े-बड़े गड्ढे। अमृत विचार

### मामले पर पर्दा डालने का प्रयास

योजना के संबंध में जब शुरू कराए गए कार्य से संबंधित नगर पंचायत के ऑफिस में तैनात मुख्य लिपिक रवि गुप्ता से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने हीला-हवाली करते हुए ईओ से जानकारी लेने को कहा। ईओ के निर्देश पर लिपिक ने 24 घंटे बाद जानकारी दी।

### योजना के तहत तालाब पर यह होना हैं काम

तालाब, झील के चारों पथ-वे बनाकर इंटरलॉकिंग व प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाएगी। शीघ्र ही तालाब के किनारे आकर्षक और खुशबूदार पौधों का रोपण किया जायेगा। यहां पर लोगों के बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था की जाएगी। तालाबों में गिरने वाले सीवर अथवा नाले के पानी का ट्रीटमेंट होगा और रेन हार्वेस्टिंग के भी उपाय किये जाएंगे।

> जगन्नाथपुर में खलिहान की जमीन की खुदाई कर तालाब बनाने की शुरुआत की जा रही थी। शिकायत मिलने पर उसे तत्काल रुकवाते हुए संबंधित को निर्देशित किया गया था कि खोदे गए गड्ढे को समतल कर दें।
>
> **-अभिनव यादव,** एसडीएम महोली

> मुझे महोली का नया चार्ज मिला है। इस संबंध में मुझे ज्यादा जानकारी नहीं है। फाइल भी मेरे साथ नहीं है। अपने ऑफिस से इसकी जानकारी लेकर ही बता पाऊंगा।
>
> **-श्रीष कुमार मिश्र,** प्रभारी अधिशासी अधिकारी, महोली

## सार-संक्षेप

### कलश यात्रा में गूंजे मां के जयकारे, श्रद्धालुओं ने की पुष्प वर्षा



कलश यात्रा की अगुवाई करते पालिकाध्यक्ष बेबी गुप्ता व पति व प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता। अमृत विचार

**खैराबाद सीतापुर, अमृत विचार।** कस्बे के अति प्राचीन मां गौरी देवी मंदिर में मंगलवार को पालिका अध्यक्ष बेबी गुप्ता तथा प्रतिनिधि व समाजसेवी अभिषेक गुप्ता की अगुवाई में कलश यात्रा श्रद्धालुओं ने मोहल्ला भूलनपुर स्थित मां गौरी देवी मंदिर से निकली जोकि नगर क्षेत्र के पूर्व निर्धारित मार्गों से गुजरती हुई कटरा संगत पहुंची। जहां पर कलश यात्रा का स्वागत संतों ने धूमधाम से किया। उसके उपरांत कलश यात्रा पुन: कटरा संगत से होती हुई हनुमान मंदिर, नया बाजार होती हुई गौरी देवी मंदिर वापस आ गई। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने मां के जयकारे लगाए। कलश यात्रा का श्रद्धालुओं ने छतों से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रथम सत्र की कथा कहते हुए कथा व्यास प्रदीप मिश्रा ने कहा कि हमें सभी सभी जीवों से प्रेम करना चाहिए, क्योंकि हम सभी परमानंद के अंश हैं वास्तव में प्रेम ही सभी का मूल है तथा प्रेम ही परमात्मा का दूसरा नाम है सच्चे अर्थों में प्रेम से जग में सब कुछ जीता जा सकता है अंत में उन्होंने महाभारत का जिक्र करते हुए कहा कि दुर्योधन की मेवा त्यागी साग विदुर घर खाई सबसे ऊंची प्रेम सगाई। मां गौरी देवी मंदिर के अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्र तथा प्रबंधक अवधेश मिश्रा बताया कि कथा प्रतिदिन दो पालियो में प्रात: 9 से एक बजे तक तथा 7 बजे से 11 बजे तक श्रद्धालुओं को श्रवण कराई जाएगी। 17 अप्रैल को मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आलोक बाजपेई,अवधेश मिश्रा, देवेंद्र मिश्रा, अनुरोध श्रीवास्तव, आदित्य जायसवाल, विनय अवस्थी, गौरव गुप्ता तथा महिलाएं कलश यात्रा में मौजूद रहीं।

### कलश यात्रा के साथ पंचम श्री शतचंडी महायज्ञ शुरू



कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखंड पहला के बिसवां सरैया मार्ग पर कंचनपुर गांव के पूर्व बने श्री शीतला माता मंदिर पर प्रति वर्ष की तरह इस साल भी श्री शतचंडी महायज्ञ का मंगलवार नवरात्र प्रतिपदा से कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हो गया।कलश यात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुषों ने भाग लिया और यह कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से निकल कर जसमंडा गांव रेवाली गेदरापुर होते हुए मुसैदावाद शारदा नहर पुल के निकट सुमली नदी पहुंची। जहां उपस्थित उज्ञाचार्य ने देवताओं का पूजन करवाकर पवित्र नदी से जल कलशों में भरवाया और सुहागिन महिलाएं मंगल कलश सिर पर रखकर यज्ञस्थल पर पहुंची। कमेटी सदस्यों ने बताया कि यह यज्ञ 15तारीख तक चलेगा और पूर्णाहुति भंडारे के साथ समापन हो जायेगा। इस कार्यक्रम में आचार्य संतोष दास महाराज, नैमिष धाम जितेंद्र शास्त्री राजपुरोहित सकरन स्टेट कथा व्यास स्वामी प्रभाकर स्वरूप ब्रह्मचारी काशी पुष्कर मत बनारस यज्ञ संरक्षण हनुमान जी महाराज एवं शीतला माता महंत बाबा श्यामपुरी महाराज तथा मुख्य जजमान संजय वर्मा कंचनपुर रहेंगे।

### बौद्ध कथा का झंडा लगाने को लेकर युवक को पीटा, केस दर्ज

**हरगांव/सीतापुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव मे जबरन दूसरे खेत मे बौद्ध कथा का झंडा लगाने को लेकर युवक के साथ मारपीट व लाठी डंडे चल गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव मल्लापुर मजरा जलालीपुर देहात निवासी कमलेश ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका खेत सफीपुर में है। जिसमे सफीपुर निवासी राजकुमारी, राजू, रामस्वरूप, विनोद, राम औतार, लक्ष्मी, पूनम, सुशीला ने पीड़ित के खेत मे जबरन बौद्ध कथा का झंडा लगा दिया। जब पीड़ित ने मना किया तो उपरोक्त विपक्षियों ने पीड़ित को लात घूसों व लाठी डंडो से मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी देकर फरार हो गये। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्यवाई की जा रही है।

### मेधा शक्ति छात्रों को किया पुरुस्कृत

**रामपुर मथुरा/सीतापुर, अमृत विचार।** बाकी सब ठीक है सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित मेधा शक्ति परीक्षा में प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर नहरवल के कक्षा 5 के तीन छात्र अनूप - 99 प्रतिशत गीता - 99 प्रतिशत, पूनम- 96 प्रतिशत ने अंक प्राप्त किये। विद्यालय परिवार की ओर से छात्रों को सम्मानित किया गया। जिसमें चंदन शर्मा ने पुरस्कार वितरित कर छात्रों को भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# 15 से 20 अप्रैल तक चुनाव कर्मियों को मिलेगा प्रशिक्षण

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद में मतदान कार्मिकोंध्माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल सीतापुर में कराया जायेगा।

मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण दिनांक 15-04-2024 से 16-04-2024 व दिनांक 18-04-2024 से 20-04-2024 तक एवं द्वितीय प्रशिक्षण दिनांक 3 मई से 9 मई 2024 तक 02-02 सत्रों में सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, पेयजल, टेण्ट/माईक व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, सफाईध्शौचालय व्यवस्था, स्टेशनरी व्यवस्था, ईवीएम और वीवी पेट, चिकित्सा सुविधा आदि विद्यालय भवन परिसर में उपलब्ध करायी जानी होंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु नामित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान कार्मिकों के प्रथम एवं द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण स्थल पर समुचित व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित करें।

# पुलिस ने पकड़ी शस्त्र फैक्ट्री

**सीतापुर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ.प्रवीन रंजन सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद दिनेश शुक्ला के नेतृत्व में थाना महमूदाबाद पुलिस टीम ने एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही आधा दर्जन से ज्यादा निर्मित-अर्द्धनिर्मित अवैध असलहे, कारतूस सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

चेकिंग के दौरान महमूदाबाद पुलिस ने राजेन्द्र पासी पुत्र रामपाल ग्राम मोहाला थाना सदरपुर व रोहित लोनिया पुत्र सोमवारी निवासी गढीपुरना मजरा खानपुर भोईया थाना रेउसा, सीतापुर को अनम भटठा भरहरमऊ महमूदाबाद के पास से अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हुए गिरफ्तार किया है। मौके से अवैध शस्त्र फैक्ट्री जिसमें 10 अदद निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध तमंचे, सात नाल व दो कारतूस एवं भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए। जिस संबंध में थाना स्थानीय पर अभियोग अंतर्गत धारा 5/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करने की कार्रवाई की गई। गिरफ्तार राजेंद्र उपरोक्त थाना हाजा का हिस्ट्रीशीटर (एचएस-2266) अपराधी है। इसके विरुद्ध जनपद बाराबंकी में भी अभियोग पंजीकृत हैं, दोनों आरोपी अभ्यस्त किस्म के अपराधी हैं, जिनके विरुद्ध पूर्व में भी चोरी/नकबजनी/अवैध शस्त्र एवं मादक द्रव्य आदि जैसे आपराधिक कृत्यों के संबंध में कई अभियोग पंजीकृत हैं।



हिरासत में शस्त्र बनाने वाले व गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम। अमृत विचार

**आस्था** ग्राम सरैया कादीपुर के गायत्री मंदिर पर तीन दिवसीय श्री गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन

# पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू

पहला/सीतापुर

**अमृत विचार।** विकास खंड पहला अंतर्गत ग्राम कादीपुर सरैया में गायत्री मंदिर निकट पावर हाउस पर तीन दिवसीय श्री गायत्री महा यज्ञ एवं प्रज्ञा पावन पुराण कथा का आयोजन कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हो गया। इस कलश यात्रा में सैकड़ों महिला पुरुषों ने मंगल कलश के साथ भाग लिया।

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सरैया कादीपुर के गायत्री मंदिर पर सोमवार से तीन दिवसीय श्री गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए करीब दो सैकड़ा सुहागिन महिलाएं द्वारा कलश भरकर मंदिर प्रांगण से नहर चैराहा होते हुए स्टेशन रोड मुख्य बाजार अस्पताल होते हुए मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली। कलश यात्रा में ढेरों महिलाओं ने कतारबद्ध तरीके से सिर पर कलश रखकर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कुछ स्थानों पर ट्रैफिक में रुकावट हुई।। मुख्य पुजारी मिश्रीलाल आचार्य सुरेश चौधरी, अमर सिंह, कुंज बिहारी, शिशुपाल मौर्य, महेंद्र निर्मल मौर्य, शिवम वर्मा, आलोक वर्मा, दीपक मौर्य, अभय मौर्य, लक्ष्मीकांत मौर्य समेत सरैया कादीपुर प्रधान प्रतिनिधि शैलेंद्र यादव सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।



कलश यात्रा के दौरान सिर पर कलश रखकर जातीं सुहागिनें। अमृत विचार

## गाजे-बाजे के साथ निकली महायज्ञ की शोभायात्रा

**सकरन।** श्री शतचंडी महायज्ञ की शोभा यात्रा मंगलवार को गाजे बाजे के साथ निकाली गयी। कस्बा सकरन के ठाकुरद्वारा मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवशीय श्री शतचंडी महायज्ञ की जल कलश मंगल शोभा यात्रा मंगलवार को मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ निकाली गयी। यह शोभा यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए प्यारापुर,लालूपुरवा गांव होते हुये त्यागी जी महाराज की कुटी पर स्थित किवानी नदी पहुंची। इस मौके यज्ञाध्यक्ष आचार्य अम्बरीष शुक्ल, सतेन्द्र सिंह चौहान, अवधेश मिश्र, गौरव गुप्ता, उदयराज वर्मा, के अलावा अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

# उल्लास और उमंग के साथ भारतीय नववर्ष का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** मंगलवार से नवसंवत्सर शुरू हो गया। इसको लेकर विद्या भारती के स्कूलों में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। शिक्षकों ने पूजन कर भारतीय नववर्ष का स्वागत किया। बच्चों ने कोतवाली से लेकर एसपी, एएसपी और डीएम दफ्तर पहुंचकर तिलक किया और हिंदू नववर्ष की बधाई दी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मंगलवार को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर नववर्ष अभिनंदन कार्यक्रम, मां शैलपुत्री प्रकटोत्सव दिवस व सरसंघचालक केशव बलिराम हेडगेवार का जन्मोत्सव मनाया गया। प्रधानाचार्य डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने मां शैलपुत्री का पूजन कर किया। छात्रा आस्था दीक्षित नें मां शैलपुत्री का स्वरूप प्रस्तुत किया। परी, मिष्टी व अहाना ने रंगोली सजाई तो वहीं दिशा, आकृति व आकांक्षा नें भजन पेश किया।



सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज में नव संवत्सर पर विभन्न रूपों में छात्राएं। अमृत विचार



डीएम महेंद्र बहादुर सिंह को नववर्ष का कैलेंडर देतीं छात्राएं। अमृत विचार

उधर, डॉ. हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर में मां सरस्वती व दुर्गा का पूजन हुआ। मुख्य अतिथि रिटायर्ड बीएड विभागाध्यक्ष राम औतार शर्मा एवं समाजसेवी पारस नाथ अवस्थी ने नव संवत्सर, झूलेलाल जयंती, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के बारे में बताया। छात्रों ने शहर में पथ संचलन निकाला। संचालन श्याम वल्लभ शुक्ल ने किया। प्रधानाचार्य राममणि मिश्रा सहित स्टाफ मौजूद रहा। सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने बताया कि भारतीय नववर्ष व चैत्र नवरात्रि पर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किये गये।

## एक नजर

### बंधे के नीचे मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना व कस्बा शारदानगर में बंधे के किनारे एक युवक का शव पड़ा देखे जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस शव मोर्चरी में रखवा कर पहचान कराने की कोशिश में जुटी है। कसबा शारदा नगर में बाला जी मंदिर के पीछे बंधे निकट मंगलवार की शाम करीब छह बजे एक शव पड़ा देखा गया। इससे तमाम लोगों की भीड़ मौके पर लग गई। ओदारा के ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। एसआई अंबेश्वर दत्त त्रिपाठी ने बताया कि युवक की उम्र करीब 28 वर्ष है। दाहिनी कलाई पर संदीप कुमार लिखा हुआ है।

## बैलगाड़ी से टकरायी बाइक, युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर सोमवार की देर रात थाना ईसानगर क्षेत्र में एक बाइक बैलगाड़ी से टकरा गई। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हादसा गांव अदलिशपुर के पास हुआ। थाना खमरिया क्षेत्र के गांव महरिया निवासी ध्रुव लाल उर्फ धीरू (23) पुत्र गया प्रसाद राजपूत अपनी बहन के घर से वापस महरिया गांव आ रहा था। सोमवार की रात करीब दस बजे थाना ईसानगर क्षेत्र के पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर स्थित अदलिशपुर के निकट बाइक बैलगाड़ी से टकरा गई। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

# भक्तों ने शैलपुत्री स्वरूप का किया पूजन

## प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह और शाम के समय रही श्रद्धालुओं की भीड़, घरों में की गयी घट स्थापना

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र मंगलवार से शुरू हो गए। मंदिरों से लेकर घरों में विधि विधान से भक्तों ने हवन पूजन कर घटस्थापना कर अखंड ज्योत्ति जलाकर नौ दिन का उपवास शुरू किया। मां के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री को पूजन करने के लिए मंगलवार को शहर के प्राचीन संकटा देवी सहित अन्य देवी मंदिरों में दिन भर भक्तों का आना जाना जारी रहा।

नवरात्र पर्व को लेकर हर तरफ उमंग और उत्साह है। बच्चों से लेकर बड़े तक नवरात्र पर व्रत रखते हैं। इसकी शुरूआत करने के लिए मंगलवार की अल सुबह से शाम तक शहर के प्राचीन संकटा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। इसी तरह का आलम शहर के मां संकटा देवी और भुइयांमाता मंदिर का रहा। देवी मंदिरों दिनभर मां के जयकारों से लेकर घंटे घड़ियाल की आवाज से गुंजायमान रहे।

**गोला गोकर्णनाथ :** नवरात्र पर घरों में मां की चौकी और कलश स्थापना के साथ व्रत का सिलसिला शुरू हो गया। वासंतिक नवरात्र का पर्व छोटी काशी में धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

मुन्नूगंज स्थित रक्षा देवी मंदिर, शिव मंदिर के निकट दुर्गा मंदिर, मां मंगला देवी मंदिर, बजाज चीनी मिल स्थित भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर, मालियों की गली वाले दुर्गा मंदिर, शिवम चैराहा और अलीगंज रोड स्थित रेलवे क्रासिंग के निकट दुर्गा मंदिर, बांकेगंज रोड पर राधाकृष्ण मंदिर, अशोक चौराहे के निकट राम जानकी मंदिर, पंजाबी कालोनी के दुर्गा मंदिरों सहित विभिन्न मंदिरों को सजाया गया था।

**पलिया कलां :** चैत्र नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में श्रद्धालु की भीड़ उमड़ी। पांडे बाबा स्थान पर बने दुर्गा देवी मंदिर, श्रीकुल आश्रम में स्थित देवी मंदिर, माता कालरात्रि मंदिर, मोहल्ला सिंगहिया स्थित देवी मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर एवं पीपल वाली देवी मठिया में भक्तों ने शीश नवाया। मझगई के प्रसिद्ध माता मंजेश्वरी मंदिर, पटिहन के देवी मंदिर एवं मुजहा व बोझवा के देवी मंदिरों में भी भक्त पहुंचे। **भीरा :** नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने व्रत रखकर पूजा अर्चना की। नगर सहित आसपास के देवी मंदिरों पर पूजन के लिए सुबह और शाम के समय भक्तों की भीड़ रही।



संकटा देवी मंदिर में नवरात्र में सजा माता का दरबार। अमृत विचार



संकटा देवी मंदिर में दर्शन के लिए लगी श्रद्धालुओं की लाइन। अमृत विचार



पलिया के देवी मंदिर में पूजा करते देवी भक्त। अमृत विचार

### नवरात्र शुरू होते ही फलों के दाम बढ़े

**पलिया कलां, अमृत विचार :** नवरात्र प्रारंभ होते ही नगर व क्षेत्र में फलों के दाम बढ़ गए। केला अभी तक बाजार में 30 से 40 रुपये दर्जन बिक रहा था। मंगलवार को 60 से 70 रुपये दर्जन बिका। इसी तरह 120 रुपए किलो बिकने वाला सेब 160 रुपये, 100 रुपए किलो बिकने वाला अनार 150 रुपए और 50-60 किलो बिकने वाला अमरूद 80 रुपये प्रतिकिलो बिका। लोगों ने महंगे फल खरीदे।

### संकटा देवी मार्ग पर चार पहिया वाहनों पर लगाया गया प्रतिबंध

नवरात्र के पहले दिन प्राचीन संकटा देवी मंदिर पर दर्शन करने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ा पड़ा। प्राचीन संकटा देवी मंदिर मार्ग पर सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों की आवाजाही रहती है। मंदिर जाने वाले भक्तों के लिए संकटा देवी रोड का यातायात मुसीबत न बने। इसके लिए संकटा देवी चौकी के पास बैरिकेडिंग लगाकर रास्ते को बंद कर दिया गया।

### आज मां ब्रह्मचारिणी का होगा पूजन

आज मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना होगी। ब्रह्माजी की शक्ति होने से मां का यह स्वरूप ब्रह्मचारिणी नाम से प्रसिद्ध है। इनका उद्भव ब्रहमाजी के कमंडल से माना जाता है। ब्रह्माजी सृष्टि के सर्जक हैं और ब्रत्मचारिणी उनकी शक्ति। जब मानसपुत्रों से सृष्टि का विस्तार नहीं हो सका, तो ब्रह्माजी की इसी शक्ति ने सृष्टि का विस्तार किया। इसी कारण स्त्री को सृष्टि का कारक माना गया।

# पुलिस चौकी पर महिला ने खाया जहर

संवाददाता, बांकेगंज

**अमृत विचार :** थाना मैलानी क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस चौकी बांकेगंज पर संदिग्ध हालत में जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला का कहना है कि उसे दरोगा ने चौकी परिसर में जबरन जहर खिलाया है।

गंगापुर निवासी गोमती पत्नी निरंजन ने बताया कि उसने गांव पासियापुर के एक युवक को 90 हजार उधार दिए थे। कई महीने बीत जाने के बाद भी उसे जब आरोपी ने रुपये वापस नहीं किए तो उसने पुलिस चौकी में तहरीर देकर शिकायत की। इसी बीच युवक की मृत्यु हो गई। महिला का आरोप है कि पुलिस ने कथित युवक के परिवार से 90 हजार रुपये ले लिए, लेकिन उसे नहीं दिये। जब विरोध किया तो चौकी इंचार्ज ने कहा कि तुम्हें जो कुछ करना हो कर लो, रुपये वापस नहीं मिलेंगे। आज जब वह रुपये मांगने पुलिस चौकी गई तो तो दरोगा ने गाली गलौज की। उसे जहरीला पदार्थ खिला दिया। बांकेगंज चौकी इंचार्ज कृष्ण पाल ने बताया कि वह मैलानी थाने गये थे। महिला ने कहीं बाहर जहर खाया था। चौकी के बाहर आते ही वह गिर गई।



जिला अस्पताल में भर्ती महिला का उपचार करते डॉक्टर। अमृत विचार

> मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। जानकारी कर ही कुछ बता सकता हूं। मामले की जांच कराई जाएगी।
>
> –गणेश प्रसाद साहा, एसपी

## दुष्कर्मी को 20 साल का कठोर कारावास

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र में लगभग साढ़े पांच वर्ष पहले दस साल की बालिका से दुष्कर्म करने के अभियुक्त अपर सत्र न्यायाधीश चिंताराम की अदालत ने 20 साल का कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने जुर्माने की राशि पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं।

इस संबंध में लोक अभियोजक बृजेश कुमार पांडेय ने बताया कि धौरहरा क्षेत्र की एक दस साल की बालिका 12 अप्रैल 2019 को एक घर पर भागवत कथा सुनने जा रही थी। रास्ते में गांव के ही 21 वर्षीय रिंकू ने बालिका को पकड़ लिया और खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था।

## सार-संक्षेप

### पीपल के पत्तों पर उकेरी मां दुर्गा की कलाकृति

**रोशननगर, अमृत विचार :** ब्लॉक बांकेगंज के मुस्तफाबाद की चित्रकार शिक्षिका कल्पना तिवारी अपनी कलाकृति की पहचान बनाने मे कम नही है। ऐसे मे चैत्र नवरात्र पर मां दुर्गा का चित्र पीपल व मदार के पत्तो पर उकेरा हैं। उन्होंने पीपल के पत्तों पर कलाकृति के माध्यम से मां दुर्गा के नौ प्रकार के चित्र उकेर कर अपनी कलाकृति की प्रतिभा दिखाई है। ब्लॉक बांकेगंज की मुस्तफाबाद की अध्यापिका कल्पना तिवारी ने पीपल, मदार के पत्ते पर मां दुर्गा के नौ चित्र उकेर कर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का चित्र तैयार किया है। कल्पना तिवारी इससे पहले पीपल के पत्तों पर मां दुर्गा का चित्र, भगवान श्रीराम, भक्त शबरी के संवाद युद्ध की मुद्राओं में कई कलाकृतियां बनाई हैं, उनकी यह कलाकृतियां आकर्षण का केंद्र भी हैं। सभी लोग उनके इस प्रयोग की प्रशंसा कर रहे हैं। अब तक कल्पना ने पत्तो, दाल, कोल्ड ड्रिंक की ढकनी पर आदि पर अपनी कला बनाकर पहचान बना चुकी हैं।

### बिलहरी के हास्पिटल में इलाज के दौरान बच्ची की मौत



बिलहरी के निजी अस्पताल पर लगी भीड़। अमृत विचार

**बिलहरी, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना नीमगांव क्षेत्र की सिकंद्राबाद चौकी के गांव बिलहरी मे निजी हॉस्पिटल मे दवाई लेने आई सात वर्षीय बालिका की मौत हो गई है। परिवार वालों ने डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगा देने से हुई मौत का आरोप लगाया है। लेकिन बिना कोई कार्रवाई की मांग कर शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव बांसगांव निवासी सोबरन लाल अपनी पुत्री पायल (7) की दवाई लेने के लिये आठ अप्रैल की शाम बिलहरी स्थित निजी अस्पताल को लाया, जहां दवा देने के पश्चात डॉक्टर ने अगली सुबह भी उसे अस्पताल बुलाया था। मंगलवार की सुबह ही वह लगभग आठ बजे अस्पताल पहुंचा तो डॉक्टर ने बालिका के एक बोतल लगा दी, बोतल चढ ही रही थी, तभी डॉक्टर ने ग्लूकोज की बोतल मे एक इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगने के चंद मिनटों मे पायल की मौत हो गई। बालिका की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ता देख सिकंदराबाद चौकी इंचार्ज आशीष सहरावत अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया और पुलिस ने कहा कि हम बच्चे को पोस्टमार्टम करायेंगे। परिजनों ने बच्ची का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। मौके पर पहुंचे बांसगांव के ग्राम प्रधान सोमनाथ मिश्र ने परिजनों को काफी समझाया बुझाया। परिजन अब डॉक्टर पर कोई कार्रवाई नहीं करना चाहते है।

### चीनी मिल के डोंगे की मशीन में लगी आग



संपूर्णानगर चीनी मिल के डोंगे में लगी आग से छाया धुआं। अमृत विचार

**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** स्थानीय संपूर्णानगर सहकारी चीनी मिल के गन्ना डोंगे की मशीन में अचानक आग लग गई। इससे पूरे मिल परिसर में अफरातफरी मच गई। आग बुझाने के लिए पानी का पर्याप्त इंतजाम न होने से आग काफी देर तक धधकती रही। चीनी मिल के डोंगे की मशीन में मंगलवार की शाम करीब छह बजे अचानक आग लग गई। चीनी मिल बंद की गई, लेकिन पानी के पर्याप्त इंतजान न होने के कारण लोगों को आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सूचना पाकर मिल के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। मिल कर्मचारियों और किसानों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मुख्य गन्ना अधिकारी उदयभान सिंह ने बताया कि डोंगे की मशीनरी में आग लग गई थी। जिस पर काबू पा लिया गया है। क्या नुकसान हुआ है। इसके बारे में अभी कुछ बता पाना संभव नहीं है।

### जिला अस्पताल: सीएमएस ने भोजन की परखी गुणवत्ता

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके तीमारदारों को अस्पताल प्रशासन की ओर से भोजन मुहैया कराया जाता है। मंगलवार को सीएमएस ने रसोई घर जाकर मरीजों के लिए बनी दाल, सब्जी और रोटी की गुणवत्ता परखी। इसके अलावा मरीजों से मिलने के लिए निर्धारित किए गए समय का पालन कराने के लिए वार्ड स्टाफ को निर्देश दिए। सीएमएस डॉ. आरके कोली मंगलवार दोपहर अचानक रसोई घर पहुंचे। उन्होंने दाल एवं सब्जी से लेकर रोटी बनाने और पकाने की विधि से लेकर रसोई घर की साफ सफाई देखी। मरीजों को दिया जाना वाला भोजन बनने के बाद खाने में कैसा है, इसके लिए उन्होंने भोजन चखा। खाने में दाल पतली देखकर रसोईया से इसकी वजह पूछी तो बताया गया कि डॉक्टर ने मरीजों को पतली दाल देने के लिए कहा गया है।

# आग से 50 बीघा गेहूं व पांच घर जले

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** लखीमपुर देहात के गांव घोसियाना में मंगलवार को गेहूं के खेतों में आग लग गई, जिससे पककर तैयार खड़ी फसल धू-धू कर जलने लगी। पुलिस और फायर बिग्रेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में 15 किसानों की करीब 50 बीघा फसल और आग की चपेट में आकर पांच लोगों के घर जलकर नष्ट हो गया। अग्नि पीड़ित किसानों का कहना है कि कुछ लोग खेतों के किनारे बैठकर चिलम पी रहे थे। इससे उड़ी चिंगारी से आग लगी है। इसको लेकर पुलिस और ग्रामीणों के बीच नोकझोंक भी हुई।



धू-धू कर जलती गेहूं की फसल। अमृत विचार

इन दिनों गेहूं की फसल पककर खेतों में तैयार खड़ी है। मंगलवार को लखीमपुर देहात के गांव घोसियाना के पश्चिम गेहूं के खेतों में अचानक आग लग गई। बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पकी खड़ी फसल को हैंरों से जोतकर आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। हवा तेज चलने के कारण विकराल हुई आग ने मोहम्मद, शहंशाह, इरफान, आमिर, आजाद, नसीम, मोबिन, मखदूम, गुडिया, कल्लू समेत करीब 15 किसानों की खेत में खड़ी गेहूं की करीब 50 बीघा फसल जलकर राख हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया।

# एसडीएम ने केंद्र प्रभारी को फटकारा

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** गेहूं खरीद शुरू हुए 40 दिन हो गए हैं, लेकिन सेंटरों पर किसान नहीं आ रहे हैं। इससे गेहूं खरीद नहीं हो पा रही है जबकि सरकार का खरीद पर जोर है। हकीकत जानने के लिए मंगलवार को एसडीएम श्रद्धा सिंह राजापुर मंडी पहुंचीं तो यह बात सामने आई कि सत्यापन न होने के कारण किसानों को लौटाया जा रहा है। इस पर एसडीएम ने केन्द्र प्रभारी को जमकर फटकारा। साथ ही कहा कि 100 क्विंटल तक खरीद करने के लिए सत्यापन की कोई जरूरत नहीं है। इस दौरान डिप्टी आरएमओ भी साथ रहे।



मंडी में किसानों से गेहूं बिक्री की बाबत जानकारी लेतीं एसडीएम श्रद्धा सिंह।

जिले में होली के बाद गेहूं की कटाई शुरू हुई। एक मार्च से खुले केंद्रों पर पूरे महीने भर सन्नाटा पसरा रहा। दो अप्रैल से जिले के कुछ केंद्रों पर खरीद हुई। जिले में विभिन्न कंपनियों के 156 क्रय केंद्र खोले गए हैं, लेकिन अभी तक अपेक्षानुरूप गेहूं खरीद नहीं हो पा रही है। सरकारी केंद्रों पर गेहूं खरीद न होने के पीछे हकीकत जानने के लिए मंगलवार को एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह और डिप्टी आरएमओ संतोष कुमार पटेल शहर की राजापुर मंडी पहुंचे। इस दौरान मंडी में मौजूद किसानों ने बताया कि सत्यापन को लेकर काफी दौड़ाया जाता है। इस पर एसडीएम ने कई सेंटर इंचार्जों को फटकार लगाई।

## सराहनीय प्रयास

### मोहम्मदी रेंज के वाटर होलों में भरा गया पानी

# वन्य जीवों के लिए गंभीर हो गए अधिकारी

संवाददाता, ममरी

**अमृत विचार:** गर्मी बढ़ने पर वन्य जीवों को पानी मुहैया कराने के लिए मुख्य वन संरक्षक लखनऊ और डीएफओ संजय विस्वाल के निर्देश के बाद मोहम्मदी महेशपुर रेंज के वन कर्मियों ने जंगल में बने वाटर होल्स की तली झाड़ सफाई कराकर उनमें स्वच्छ पानी भरवाने का कार्य शुरू कर दिया है।

महेशपुर रेंज के देवीपुर जंगल से 500 मीटर दूर रामदयाल के खेत में बाघिन की मौत होने के बाद डीएफओ संजय बिस्वाल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंची मुख्य वन संरक्षक लखनऊ डॉ रेनू सिंह ने रेंजर नरेशपाल सिंह और वनकर्मियों को हिदायत देते हुए जंगल के बाहर घूम रहे वन्य जीवों पर नजर रखने और पानी की व्यवस्था करने का सख्त निर्देश दिया था। अधिकारियों के निर्देश पर वन कर्मियों ने आंवला, ककरहा, महेशपुर, देवीपुर, सहजनिया के जंगल में वन्यजीवों की प्यास बुझाने के लिए बने वाटर होल्स की तलीझाड़ सफाई कराने और उनमें स्वच्छ पानी भरवाने का काम शुरू कर दिया है।



मोहम्मदी रेंज के वाटर होल में भरा जा रहा पानी। अमृत विचार

इस संबंध में रेंजर नरेशपाल सिंह, डिप्टी रेंजर रामनरेश वर्मा ने बताया कि जंगल में सात वाटर होल बने हैं। जिनकी मजदूरों के जरिए सफाई कराने के बाद साफ पानी भरवारा जा रहा है। ताकि कोई भी वन्य जीव पानी की तलाश में जंगल से बाहर भटकने न पाए। साथ ही वन कर्मियों की टीम लगे कैमरे की फुटेज रोजाना खंगाल रही हैं।

# धन दोगुना करने का झांसा देकर महिला से ठगे नकदी व जेवर

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** घर में सोने के सिक्कों से भरा घड़ा निकालने और धन दोगुना करने का झांसा देकर जालसाज एक महिला से चार लाख 11 हजार रुपए व जेवर ठग लिए और भाग निकले। थाना खीरी पुलिस ने डीएम के आदेश पर दो लोगों के नामजद व अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है

गांव कोरैय्या आल निवासी निर्मला देवी ने बताया कि उसके दूर के रिश्तेदार राकेश निवासी दरेरी थाना पढ़ुआ, पुत्तू पुत्र मुल्ला गिरी निवासी दुबहा थाना निघासन एक साथी के साथ उसके घर आए और कहने लगे कि तुम्हारे घर में सोने के सिक्कों से भरा घड़ा गड़ा हुआ है। इसके लिए हवन पूजन करना होगा व 3 लाख रुपये नकद मिट्टी में दबाने पड़ेंगे। साथ ही एक लाख 11 ग्यारह हजार रुपये का प्रसाद माताजी के दरबार में चढ़ेगा। घर में जितना जेवर है वह भी मिट्टी में दबाना होगा। जिससे वह दोगुना हो जायेगा। दो अक्टूबर 2023 की रात करीब 10 बजे तीनों आरोपी आये चार लाख 11 हजार रुपये और व जेवर लेकर उसे और परिवार के अन्य लोगों को यह कहकर घर से बाहर कर दिया कि हवन करेंगे। 30 मिनट बाद आरोपी घर के बाहर निकले और कहा कि जो रुपए, जेवर मिट्टी में गड़ा हुआ है। उसे जब तक हम लोग न आयें तब तक न खोदना।

# ट्रक की टक्कर से पलटी श्रद्धालुओं से भरी बस,तीन की मौत

- उन्नाव से निजी बस से विंध्याचल देवी धाम दर्शन करने जा रहे थे 60 श्रद्धालु
- प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर हथिगवां थाना के फूलमती के पास देर रात हुआ हादसा

कुण्डा प्रतापगढ़




हादसे की जानकारी लेते डीएम संजीव रंजन,एसपी सतपाल अंतिल एवं पुलिस द्वारा कब्जे में ली गयी ट्रक।

**अमृत विचार :** उन्नाव से मां विंध्यवासिनी देवी धाम विंध्याचल,मीरजापुर जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस में बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दी। हथिगवां थाना क्षेत्र के फूलमती नाला के पास हाईवे पर देर रात हुए हादसे तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई,जबकि कई श्रद्धालु घायल चोटहिल हो गए। 10 को गम्भीर हालत में एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया गया। ट्रक चालक फरार हो गया। ट्रक कब्जे में लेकर पुलिस अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज छानबीन कर रही है। हादसे से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सोमवार की रात करीब एक बजे उन्नाव से एक निजी बस 60 श्रद्धालुओं को लिवाकर मां विध्यवासिनी देवी विंध्याचल धाम,मीरजापुर दर्शन के लिए जा रही थी। लखनऊ - प्रयागराज राजमार्ग पर हथिगवां के फूलमती के पास सामने से आये ट्रक ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। देर रात में हुए भीषण हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर हथिगवां, कुंडा, महेशगंज थाने की पुलिस के साथ ही स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंचे। बस से निकालकर सभी को कुंडा सीएचसी ले आए। यहां उन्नाव के धाता की 12 वर्षीय संध्या पुत्री रामनारायण,कृष्ण कुमार (50) और वासु लोधी (22) को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया गया। जबकि गंभीर रूप से घायल 10 यात्रियों को एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक नन्दलाल सिंह ने बताया की हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। 10 लोगों को प्रयागराज रेफर किया गया है।

### डीएम व एसपी ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

**कुण्डा प्रतापगढ़ अमृत विचार :** बेकाबू ट्रक की टक्कर से श्रद्धालुओं से भरी बस में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि 45 यात्री घायल हो गए। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे डीएम संजीव रंजन व एसपी सतपाल अंतिल घटना स्थल हथिगवां के फूलपुर बिसहिया गांव पहुंचे। डीएम, एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। सीओ अजीत सिंह, इंस्पेक्टर नंदलाल सिंह से घायलों के बारे में जानकारी ली।

### 10 श्रद्धालुओं का प्रयागराज में चल रहा इलाज

सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल 10 श्रद्धालुओं को एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया गया। जिसमें पूजा (21) पुत्री रामविलास, प्रियांशु (18) पुत्र दिनेश कुमार, अमित कुमार (14) पुत्र अनिल कुमार, सूरज (15) पुत्र महादेव, सचिन (18) पुत्र रामगोपाल, प्रमोद कुमार (27) पुत्र राकेश कुमार, रिया मिश्रा (12) पुत्री प्रमोद मिश्रा, प्रमोद कुमार (40) पुत्र रामचंद्र, पिंकी (30) पुत्री राजेश कुमार एवं चार वर्षीय आयुष कुमार पुत्र राजेश कुमार शामिल हैं। इसके अलावा 35 अन्य लोगों को हल्की चोट आई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। इसमें अनिल कुमार (38), सोहनलाल (60) पुत्र सीताराम, शिवम (09) पुत्र दुलारे, रामनरेश (73) पुत्र शिवपाल, माधुरी देवी (42) पत्नी बालकृष्ण, गौरी पांच पुत्री सुधीर, सरजन पाल (16) पुत्र नेत्र पाल आदि रहे।

# चुनाव में दिखे गड़बड़ी तो सी-विजिल एप पर करें शिकायत

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दौरान अगर आपके आसपास किसी भी तरह की गड़बड़ी होती है या कोई प्रत्याशी आचार संहिता का उल्लंघन कर रहा है तो इसकी शिकायत निर्वाचन आयोग से सीधे कर सकते हैं। आयोग ने यह हक और अधिकार सी-विजिल एप के जरिए लोगों को दिया है।

इस डिजिटल हथियार के जरिए जनता निष्पक्ष चुनाव में अपनी भागीदारी दर्ज कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव और मतगणना की तिथि निर्धारित हो गई है। इसकी तैयारियों में तेजी आ गई है। निर्वाचन आयोग ने इस बार के लोकसभा चुनाव को पारदर्शी बनाने की कड़ी में एप को और प्रभावी बनाया है। इसके माध्यम से आम नागरिक निर्वाचन आयोग के किसी भी दल अथवा प्रत्याशी की आदर्श आर संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकेंगे।

एप का इस्तेमाल कोई भी कर सकता है। आचार संहिता लगने के बाद यह प्रभावी हो गया है। खास बात यह है कि एप का प्रयोग करने के लिए स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लागिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल एप एक जीआइएस आधारित एप है, जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, आडियो ही अपलोड किया जा सकता है। शिकायत अपलोड होने के उपरांत ही कुछ घंटों में उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी द्वारा उसी एप के माध्यम से किया जाएगा। निस्तारण के बाद विवरण शिकायतकर्ता के एप पर स्वतः उपलब्ध हो जाएगा। एप गूगल प्ले स्टोर और एप स्टोर दोनों पर उपलब्ध है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी आदि तरह की शिकायतें सी-विजिल एप पर की जा सकती है। शिकायत के बाद उसे तत्काल संज्ञान लिया जाएगा। निस्तारण भी समयबद्ध तरीके से होगा।

## ट्रैक पार करते समय ट्रेन के चपेट में आया मजदूर, मौत

**रानीगंज प्रतापगढ़ अमृत विचार।** फतनपुर के कौलापुर गांव में मंगलवार भोर में रेलवे ट्रैक पार करते समय एक भट्ठा मजदूर ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी कटकर मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छत्तीसगढ़ विलासगंज के थाना पचपेड़ी,बिनोरी निवासी 48 वर्षीय दिनेश लहरे पुत्र अंगद गाजी का बाग में राजा ईट भट्ठा पर आकर मजदूरी का काम करता था। मंगलवार को भोर में कौलापुर गांव में रेलवे ट्रैक पार कर बगल जा रहा था,तभी लखनऊ से वाराणसी जा रही काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस की चपेट में आ गया,जिससे उसकी कटकर मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना पर उसके साथ ईट भट्ठा पर काम कर रहा उसका 25 वर्षीय बेटा विमल मौके पर पहुंचा। फतनपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मजदूर की मौत से परिजन बिलखने लगे।

# बूथ के 200 मीटर की परिधि में नहीं दिखेगा कोई चुनाव चिन्ह

संवाददाता, प्रतापगढ़

- जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट पूरी गम्भीरता से प्रशिक्षण को प्राप्त करें
- जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने सेक्टर एवं जोन के बारे में विस्तृत रखें जानकारी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन एवं सीडीओ /प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहारा के नेतृत्व में दो पालियों में जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन अफीम कोठी सभागार में किया गया।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए डीडीओ राकेश प्रसाद ने कहा कि यह प्रशिक्षण बहुत महत्वपूर्ण है, सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट पूरी गम्भीरता से इस प्रशिक्षण को प्राप्त करें। बूथ के 200 मीटर परिधि में किसी भी पार्टी की प्रचार सामग्री नहीं रहेगी, न ही किसी पार्टी का कार्यालय रहेगा। जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने सेक्टर एवं जोन के बारे में विस्तृत जानकारी रखें, सम्बन्धित थानों के फोन नम्बर अपने पास सुरक्षित कर लें जिससे चुनाव के दिन सम्पर्क स्थापित करने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। डा. विन्ध्याचल सिंह, डा.मो.अनीस, एआरपी धर्मेन्द्र ओझा, टेक्निकल मास्टर ट्रेनर के रूप में अशोक शुक्ला एवं नसीमुद्दीन रहे।



# श्यामाचरण गुप्ता राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक रहे: नरेंद्र सिंह

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर मंगलवार को पूर्व महापौर, पूर्व सांसद तथा कुशल उद्यमी रहे स्वर्गीय श्यामाचरण गुप्ता की पुण्य तिथि भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मन्त्री डाक्टर नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बताया कि उनके साथ हम सभी का पारिवारिक सम्बन्ध रहा है।

चाहे रामजन्म भूमि सम्बन्धी आन्दोलन में अयोध्या जा रहे कार सेवकों को रुकने खाने पीने की व्यवस्था या किराया आदि के लिए पैसा देने तक का उन्होने काम किया। सच कहा जाए तो वह राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक रहे। स्वर्गीय सांसद श्यामा चरण को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विशिष्ट अतिथि काशी प्रान्त भाजपा उपाध्यक्ष अवधेश चन्द्र गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण हो या शहर का कोई भी व्यक्ति जिसे किसी भी प्रकार की आवश्यकता हुई तो उसकी हरसम्भव सहायता करते रहे।

श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा ने बताया कि जब वह महापौर रहे उसके बाद जब वह सांसद चुने गए कार्यकर्ता और आम नागरिक के लिए उन्होने अपने घर के दरवाजे सदैव खुले रखे तथा समस्याओं का समाधान करने में कभी पीछे नहीं रहे। इस अवसर पर स्वर्गीय श्यामाचरण गुप्ता के सुपुत्र विदुप अग्रहरि ने कहा कि मुझे मेरे पिता ने गरीब व पीड़ित की सेवा करने से पीछे मत रहना जिनके आशीर्वाद से मैं भी उनके पदचिन्हों पर चलने का प्रयास कर रहा हू। 25 हजार लोगों को रोजगार दिया है। हमारा लक्ष्य 75 हजार लोगों को रोजगार दे।

## माहवारी के प्रति बेझिझक चर्चा करें महिलाएं

**प्रतापगढ़ अमृत विचार।** मानधाता ब्लॉक की ग्राम पंचायत सराय नाहरराय में नेशनल वूमेन अवेयरनेस फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा मुसहर बस्ती में महिलाओं व किशोरियों को नि:शुल्क सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। महिलाओं को माहवारी के प्रति जागरूक करते हुए संस्था के अध्यक्ष रोहित सिंह ने बताया कि आज का समाज प्रगति का समाज है,महिलाएं इस राष्ट्र की नींव है उन्हें बेझिझक होकर माहवारी पर चर्चा करनी चाहिए। साफ सफाई का विशेष ख्याल रखना चाहिए और इससे सचेत रहने के लिए एक दूसरे से बेझिझक होकर बात करनी चाहिए। जिससे होने वाली तमाम परेशानियों से बचा जा सके और महिलाएं व किशोरियां स्वच्छ व सुरक्षित जीवन जी सके। इस अवसर पर संस्था सदस्य अंजू सिंह,समूह सखी बच्ची देवी, रग्घू देवी, आरती,संजू देवी व शिवानी आदि लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के घोषणा पत्र में पांच न्याय, 25 गारंटी

संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में पांच न्याय, 25 गारंटी का एलान किया है। पार्टी ने युवा, महिला, किसान, श्रमिक समेत दलित, ओबीसी और एससी-एसटी समुदाय के लोगों का भी जिक्र किया है। मंगलवार को जीरो रोड स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जिलाध्यक्ष सुरेश यादव ने बताया की न्याय गारंटी में पार्टी ने युवाओं को रोजगार की गारंटी, 30 लाख सरकारी पदों पर नौकरी, इंसाफ दिलाने के लिए मुफ्त कानूनी सहायता और गरीब महिलाओं की आर्थिक मदद जैसे कई ऐसे वादे किए हैं, जिनके आधार पर पार्टी देशभर के वोटरों को साधने का प्रयास कर रही है।

कांग्रेस पार्टी ने युवाओं को नौकरी, प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की समस्या, जोमैटो-स्विगी जैसी संस्थाओं के साथ काम करने वाले डिलिवरी ब्वॉय यानी गिग वर्कर से चलने वाली अर्थव्यवस्था और स्टार्टअप की गारंटी जैसे वादे किए हैं। स्नातक और डिप्लोमा की पाने के बाद स्टाइपेंड के अप्रेंटिसशिप की गारंटी भी दी गई है। इस दौरान सुरेश यादव, हसीब अहमद, रईस अहमद, राकेश पटेल, सुनील यादव, भानु कुशवाहा समेत आदि लोग मौजूद रहें।

# दिव्य शंखनाद और नव संवत्सर की शुरूआत

संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार।** सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल एवं भारत विकास परिषद लक्ष्य शाखा द्वारा भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2081 के स्वागत समारोह का आयोजन मंगलवार को एक गेस्ट हाउस में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन विधायक हर्षवर्धन बाजपेई , अध्यक्ष नीरज जयसवाल, महामंत्री स्वाती निरखी,पार्षद पंकज जयसवाल, पवन जी श्रीवास्तव, आशुतोष सिंह (आशू), अनिल गुप्ता उपाध्यक्ष अभिषेक सक्सेना ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।

पार्षद पंकज जयसवाल ने नव संवत्सर के विषय पर लोगों को जानकारी दी। सनातन परंपरा के अनुसार सभी गणमान्य अतिथियों का भगवा पगड़ी पहना कर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम स्वाती निरखी के नेतृत्व में 11 मातृशक्तियों ने दिव्य शंखनाद द्वारा हिन्दू नव वर्ष का प्रारम्भ किया। रंगारंग कार्यक्रम में कनकधारा ग्लोबल ग्रीन्स के अध्यक्ष संजय पुरुषार्थी द्वारा गायक मनोज गुप्ता, हरे राम द्विवेदी एवं संदीप द्विवेदी को सम्मनित किया गया। कार्यक्रम में डॉ केपी जायसवाल, महामंत्री सुनील जायसवाल, कोषाध्यक्ष विजय जायसवाल, रघुनाथ द्विवेदी, गोपाल बाबू जयसवाल, अनुराग जयसवाल ने खुशियां मनाई।

# प्रथम दिन देवी मंदिरों मे पूजी गईं मां शैलपुत्री, 1008 गुड़हल पुष्प से हुआ शृंगार

- भोर से ही दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार।** मंगलवार से शुरु हुए चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन देवी मंदिरों में भारी भीड़ जुटी। प्रयागराज के देवी मंदिर में शक्तिपीठ कल्याणी देवी और ललिता देवी समेत अन्य देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता हुआ रहा। लोग देवी मां के दर्शन - पूजन कर अपनी कामनाएं पूर्ण होने का आशीर्वाद लिया।

नवरात्र के पहले दिन शक्ति पीठ अलोपशंकरी कल्याणी देवी, ललिता देवी मंदिर समेत दूसरे देवी मंदिरों में मां का भव्य श्रृंगार किया गया। देवी मंदिरों को ख़ूबसूरती से सजाया गया है। शक्ति पीठ अलोपशंकरी मंदिर में देवी माँ स्वरुप पालने की भव्य आरती की गई और भोर से ही मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए। आरती के वक्त मौजूद श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाते हुए देवी गीत भी गाए। कल्याणी देवी मंदिर मे मां को अर्पित करने के लिए 1008 गुड़हल के पुष्पो को अर्पित किया जा रहा है। साथ ही वैदिक पंडितो द्वारा विशेष अनुष्ठान कराये जा रहे है। कल्याणी देवी मंदिर के पुजारी महामंत्री श्याम जी पाठक ने बताया कि इस बार चैत्र नवरात्रि पर विशेष तैयारी की जायेगी। नौ दिनों देवी के अलग अलग स्वरूपों की पूजा और श्रृंगार भी अलग अलग होगा। प्रतिदिन मंदिरों मव भजन संध्या और कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएगे।

## नवरात्र पर माहौल हुआ भक्तिमय, शैलपुत्री स्वरूप की हुई पूजा

**नैनी/कोरांव, अमृत विचार।** हिंदू धर्म का पवित्र पर्व चैत्र नवरात्र पर माहौल हर ओर भक्तिमय हो गया है। मंगलवार को प्रथम दिवस की सुबह घरों एवं धार्मिक संस्थाओं में कलश स्थापना के साथ ही नौ दिवसीय व्रत का शुभारंभ हो गया। इससे पहले मंदिरों एवं पूजा स्थलों की सफाई कर साज सज्जा किया गया। साथ ही आकर्षक विद्युत झालरों से भी मंदिरों को सजाया गया है। माँ कामाख्या देवी जन-कल्याण सेवा संस्थान नैनी आश्रम में नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना एवं आरती पूजन किया गया। इस अवसर पर गुरु जी संकषर्ण शरण महाराज ने बताया कि इस बार नवरात्र में देवी का आगमन घोड़े पर हुआ है। शाम 6 बजे प्रतिदिन आरती होगी। सस्था के अध्यक्ष एसपी शर्मा (गोपाल जी) एव धर्म प्रमुख त्रिलोकनाथ (गाधीजी) ने प्रतीक चिन्ह देकर गुरुजी को सम्मानित किया। इस दौरान एके सिंह, केएल मिश्रा, सुभाष मिश्रा, अजय प्रताप सिंह, सत्य प्रकाश उपाध्याय, रागिनी श्रीवास्तव, गिरी जी कमलेश शर्मा आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार चैत्र नवरात्रि के पहले दिन शैलपुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही मंदिरो में भीड़ रही। नवरात्रि के पूर्व कोरांव नगर ही नहीं क्षेत्र के मंदिरों की साफ सफाई की गई। पहले दिन मंदिरो में श्रद्धालुओ की लम्बी कतार दिखी। एक ओर जहां डाकघर के सामने स्थित शीतला माता के मंदिर में भीड़ देखने को मिली। वहीं अधिकांश घरों में श्रद्धालुओं ने विधि विधान के तहत कलश स्थापना की। ठीक इसी प्रकार सामुदायिक बड़ोखर के कालिकन मंदिर में भी श्रद्धालुओ की भीड़ लगीं रही।

## सार-संक्षेप

### भाविप शौर्य ने किया भारतीय नववर्ष का अभिनन्दन

**जौनपुर।** भारत विकास परिषद शौर्य के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सन्दीप पाण्डेय के नेतृत्व में नव दुर्गा शिव मन्दिर सद्भावना पुल के पास स्थित विसर्जन घाट पर सभी सदस्यों के साथ सामूहिक रूप से विक्रम् संवत 2081 भारतीय नववर्ष का स्वागत भगवान सूर्य की प्रथम किरण को अर्घ्य देकर किया गया। सभी सदस्यों द्वारा पात्र में जल एवं पुष्प लेकर भगवान सूर्य को अर्पित किया गया। संस्थाध्यक्ष डॉ. सन्दीप पाण्डेय ने बताय कि चैत्र मास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से भारतीय नववर्ष का प्रारम्भ होता है इसलिये भारत विकास परिषद शौर्य के नये कार्यकाल की शुरूआत भी आज ही के दिन से होती है। उन्होंने आये हुए सभी सदस्यों को नववर्ष की बधाई दी और ईश्वर से प्रार्थना किया कि आने वाला यह वर्ष सभी के जीवन में खुशी व समृद्धि लेकर आये। मार्गदर्शक मण्डल सदस्य डा. रामनारायण सिंह तथा डा. शैलेश सिंह ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस वर्ष भी डॉ. सन्दीप के नेतृत्व में संगठन निश्चित ही नये कीर्तिमान स्थापित करेगा।

### डीएम ने की सेल्फी प्वाइंट की शुरुआत

**जौनपुर।** अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए उन्हें विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नई पहल की गई है। इस पहल के तहत मतदाता जागरूकता के लिए जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने वोटर सेल्फी प्वाइंट का शुभारंभ किया। सदभावना पुल पर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है, जिसमें हिन्दी में लिखा है कि 'मेरा वोट मेरी ताकत' मतदान तिथि 25 मई अपना वोट जरुर करें। जिलाधिकारी ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से यह सेल्फी प्वाइंट तैयार किया गया है। ताकि इस पुल से गुजरने वाले राहगीर इस सेल्फी प्वाइंट से प्रेरित होकर यहाँ सेल्फी खींचें और सोशल मीडिया पर भी पोस्ट करें तथा मतदान करने के लिए संकल्प लें। स्वयं मतदान करें और अपने परिवार और आस पास के लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक व प्रोत्साहित करें।

### विश्व कल्याण के लिए निकली कलश यात्रा



महिलाएं और युवतियां पीली वस्त्र धारण कर निकली। अमृत विचार

**जौनपुर।** विश्व कल्याण के लिए नवरात्र के पहले दिन मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल महिलाएं और युवतिया पीला वस्त्र धारण कर सर पर कलश रखकर निकले। गोलाबाजार स्तिथ रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर यात्रा पुन: उसी स्थान पर समाप्त हो गया। इस मौक़े पर हिन्दू वाहिनी संगठन अन्य लोग सहयोग में शामिल रहे। इस मौक़े पर सुरक्षा के पुख़्ता इंतज़ाम रहा क़स्बे के गोलबाजार में पंडित अखिलेश चंद्र मिश्र के मंत्रोच्चर के बाद कलश में विधि पूर्ण जल को भरा गया। इसके बाद पुन: महिलाए कलश में जल लकेर निकली। पँजाब नेशनल बैंक, दुर्गा मंदिर, पुरानी बाज़ार होते हुए काली मंदिर पहुँची। सख़्त धूप में भी कलश यात्रा में शामिल लोग नंगे पांव चल रहे थी। माँ के जयकारा से पूरा क़स्बा गुंजायमान हो उठा। पुन: प्रारंभ स्थान पहुँचकर समाप्त हो गया। यहाँ पर सभी कलश को रखकर विधिवत पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर प्रमुख से मोनू गुप्ता, जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय, मनीष गुप्ता, राधेश्याम जायसवाल, पप्पू पटवा, संजय बिश्वकर्मा भृगुनाथ जायसवाल, रतन बरनवाल, राजू बिश्वकर्मा, सोचन सेठ, राजू बिन्द, सोनू बिन्द, रवि बरनवाल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### बिजली की शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल जलकर राख

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** राजगढ़ क्षेत्र के पुरेनिया गांव में दोपहर 1.00 के आसपास बिजली की शार्ट सर्किट से गेहूं की खड़ी फसल जल का राख हो गई। जानकारी के अनुसार आज दोपहर करीब 1.00 बजे के आसपास शार्ट सर्किट से श्याम लाल की खेत की गेहूं की फसल जलने लगी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मिट्टी बालू पेड़ो की टहनियों से आग बुझाने वालों और उसके बाद ग्रामीणों ने बाल्टी से पानी लेकर खेतों में डाला और आग पर काबू पाया लगभग 10 बिस्वा गेहूं जल का राख हो गया है। अभी 3 दिन पूर्व ही आधा दर्जन से ज्यादा किसानों की फसल जलकर राख हो चुकी है।बिजली विभाग के रवैया से किसानों में रोज व्याप्त है।

### नवरात्र के दिन भ्रमण कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



**मिर्जापुर।** अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी पीयूष मोर्डिया द्वारा पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मिर्जापुर आर.पी.सिंह व पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के साथ चौत्र नवरात्र विन्ध्याचल मेला-2024 को निर्बाध एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सूरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस पर विन्ध्याचल मेला क्षेत्र, माँ विन्ध्यवासनी मंदिर, माँ अष्टभुजा मंदिर व माँ काली खोह मंदिर परिसर का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी द्वारा ड्यूटी पर लगे पुलिस के कर्मचारियों का ड्यूटी पांइट चेक करते हुए मनोयोग, निष्ठा, सतर्कता व दर्शनार्थियों के प्रति सुरक्षा व सद्भाव से ड्यूटी करने की हिदायत दी गयी। मेला क्षेत्र में बनाये गये हेल्प डेस्क व कन्ट्रोल रूम से दर्शनार्थियों को पर्याप्त मदद की जा रही है। विन्ध्याचल गंगा घाट पर सुरक्षा के दृष्टिगत सुरक्षा के इन्तेजामो का लिया गया जायजा तथा सम्बन्धित को दिया गया आवश्यक दिशा-निर्देश।

### दुकान पर लगे मीटर में आग, मची अफरा-तफरी



**मिर्जापुर।** मां विन्ध्यवासिनी मंदिर के पश्चिम पुरानी विशिष्ठ मार्ग पर स्थित मुख्य मंदिर द्वार के बगल में एक दुकान के बाहरी दिवाल पर लगाया गया विद्युत मीटर दोपहर दो बजे के करीब अचानक धू धू कर जलने लगा। आग लगते ही वहां अफरा तफरी का माहौल व्याप्त हो गया लोग इधर उधर भागने लगे। वहीं ड्यूटी पर तैनात अग्निशमन विभाग के कांस्टेबल अजय कुमार यादव ने सूझ बूझ का परिचय देते हुए मौजूद अग्निशमन यंत्र से फौरन आग पर काबू पा लिया। मीटर में आग लगने का कारण शॉट सर्किट बताया गया। मीटर के ऊपर दुकानदार द्वारा कई चुन्दरी व गमछा टांगा गया था जो आग की चपेट में आने से जलकर खाक हो गया।

### पच्चीस शीशी देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नदना गांव में शराब बिक्री का शोसल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने आरोपित को पच्चीस शीशी देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर चेतावनी देते हुए निजी मुचलके पर छोड़ दिया है। थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह के निर्देश पर चौकी प्रभारी मतवार रविप्रकाश मय हमराह हेड कांस्टेबल दिनेश भारती के साथ नदना गांव में पंहुचकर शराब बिक्री का शोसल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए शराब बिक्री कर रहे आरोपित कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के चंदईपुर निवासी संदीप सिंह को पच्चीस शीशी देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर आरोपित को थाने पर लाकर आरोपित के विरुद्ध 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को चेतावनी देते हुए निजी मुचलके पर छोड़ दिया है।

### दृष्टिगत विद्यालयों के समय में परिवर्तन की मांग

**हलिया (मिर्जापुर)।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष राजनाथ तिवारी के नेतृत्व में महासंघ के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को संबोधित पत्रक सौंपकर अप्रैल माह में ही मौसम परिवर्तन तथा हीट वेव के दृष्टिगत परिषदीय विद्यालयों के समय के परिवर्तन की मांग की है।पत्रक के माध्यम से अवगत कराया है सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक कड़ी धूप होने तथा हीट वेव के चलने के कारण परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर में धूल के साथ तेज हवाएं चल रही है। माध्यमिक विद्यालयों का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक ही है। ऐसे में परिषदीय विद्यालयों के नौनिहालों के लिए विद्यालय का समय अवधि माध्यम विद्यालयों के बच्चों की तुलना में अधिक है।

